**□ जनपद- हाथरस □**

**♦□ प्रेस नोट ♦□**

**□ दिनांक- 16.09.2025□**

**!!□ *एंटी थेफ्ट टीम व थाना चंदपा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही मे थाना चंदपा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम केवलगढी मे एक वृद्ध की हुई सनसनीखेज हत्या की घटना में मात्र 72 घण्टो के अंदर घटना का सफल अनावरण करते हुये घटना में शामिल अभियुक्त को किया गिरफ्तार,निशादेही से आलाकत्ल एक बल्लम बरामद। !!□**

अवगत कराना है कि दिनांक 13.09.2025 को वादी हरिओम उपाध्याय पुत्र स्व0 डोरीलाल उपाध्याय निवासी ग्राम केवल गढी थाना चंदपा जनपद हाथरस द्वारा लिखित तहरीर के माध्यम से थाना चंदपा पर सूचना दी कि उनके पिता डोरीलाल दिनांक 12.09.2025 को रात्रि मे खाना खाकर अपने ट्यूवैल पर सोने गये थे। दिनांक 13.09.2025 को उनका शव खेत पर पडा मिला जिनकी किसी अज्ञात बदमाशों द्वारा हत्या कर दी है। उक्त सूचना के आधार पर थाना चंदपा पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक हाथरस व अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी सादाबाद के नेतृत्व में टीमों का गठन करते हुए प्रभारी निरीक्षक चंदपा को निर्देशित किया गया था तथा एंटी थेफ्ट व सर्विलांस टीम को भी लगाया गया। जिसके क्रम मे गठित पुलिस टीमो के अथक प्रयासोपरान्त ग्राउन्ड इंटेलीजेन्स,सीसीटीवी कैमरो की सहायता से व अन्य श्रोतो से प्राप्त सूचनाओं के अभिसंकलन से आज दिनांक 16.09.2025 को एंटी थेफ्ट टीम व थाना चंदपा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही मे थाना चंदपा क्षेत्रांतर्गत हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को नगला भुस तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसकी निशादेही से आलाकत्ल एक बल्लम बरामद हुआ है। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चंदपा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण – अभियुक्त द्वारा जुर्म का इकबाल करते हुये बताया कि उसने वताया कि मैने कक्षा 10 तक पढाई की है। मेरी माता जी की मृत्यु बीमारी से हो गयी थी तथा पिताजी 2010 में एक्सीडेन्ट से खत्म हो गये थे मेरे दो भाई हैं। एक प्राइवेट स्कूल में पढाता है तथा दूसरा राज मिस्त्री हैं। मैने पहले विनायक मेडिकल हाथरस तथा हींग फैक्ट्री में काम किया है। हमारे ही गाँव के डोरीलाल(मृतक) को मैं जन्म से ही जानता हूँ वो मुझसे रात में खेत रखवाते थे उसका पैसा मुझे नही देते थे। शाम को बस रोटी खिला देते थे। दिनांक 12/13.09.2025 को रात को मैने करीब 12-01 बजे के करीब उनसे रोटी मांगी तो वह मुझे गाली गलौज करने लगे और कहा कि तू यहाँ से सामान चोरी कर लेता है यहाँ से भाग जा। इसी बात मे रोष मे आकर मैने डोरीलाल(मृतक) के ऊपर बल्लम से प्रहार कर दिया। जिससे उनकी मृत्यु हो गयी।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

किशनपाल कश्यप उर्फ किस्सू पुत्र स्व0 श्री श्रीपाल कश्यप निवासी ग्राम केवलगढी थाना चन्दपा हाथरस।

पंजीकृत अभियोग --

मु0अ0सं0 209/25 धारा 103(1) बीएनएस थाना चंदपा जनपद हाथरस।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री मनोज कुमार मय टीम थाना चंदपा जनपद हाथरस।
2. प्रभारी निरीक्षक श्री मुकेश कुमार मय एंटी थेफ्ट टीम जनपद हाथरस।